इंटरोवाईरस 71 संक्रामण

कारण के कारक :

इंटरोवाईरस 71 (EV71) एक अकेला फीते जैसा, RNA वाईरस है और हाथ, पैर और मुँह की बिमारी (HFMD) के लिए एक प्रकार का कारण है । यह बिमारी आम तौर पर दक्षिणी पूर्वी एशिया क्षेत्रों में होती है, खास तौर पर गर्मी और पतझड़ के शुरु में । संन 1990 में ताइवान और मलेशिया में इन बड़े प्रकोपों को सूचना दी गई ।

डाक्टरी विशेषताएं :

EV71 संक्रामण आम तौर पर छोटे बच्चों में पाया जाता है । यह आम तौर पर HFMD के लक्षणों को दरशाता है, इसकी पहचान बुखार, मुँह में दर्द और चमड़ी पर सोजिश के साथ लाल निशानो से होती है। आम तौर पर यह बुखार, भूख न लगना, अस्वस्थता और गले में दर्द से शुरु होता है । एक दो दिन के बाद, मुँह में निशान पड़ने शुरु हो जाते है । यह निशान लाल रंग के दर्द करने वाले धब्बे की तरह होते हैं जो बाद में छाले बन जाते हैं । यह आम तौर पर जुबान के ऊपर, मसूड़ों के ऊपर और गाल के अन्दर स्थित होते हैं। चमड़ी पर बिना खुजली वाला यह निशान कभी कभी समतल होता है या उभरा हुआ लाल रंग का निशान होता है । यह लाल निशान आम तौर पर हाथों की हथेलियों और पैरों के तलवों पर पाए जाते हैं । सर्पश से होने वाला संक्रामन भी हो सकता है । बहुत कम परिस्थितियों में EV71 से गंभीर बिमारियां पैदा हो सकती हैं जैसे कि दिमाग पर बनी तीन झिल्लियों पर विशाणुओं से होने वाला संक्रामण (असेपटिक), दिमाग में सोजिश (एनसैफैलाइटिस), पोलियोमाइलाईटस जैसे कि लकवा और दिल की मासपेशियों पर सोजिश (माईयोकारडाईटस) ।

फैलने के तरीके :

(EV71) संक्रामण एक व्यक्ति से दुसरे व्यक्ति तक नाक और गले से निकलने वाले किसी तरल, थूक, छालों से निकलते पानी अथवा संक्रामण से प्रभावित व्यक्ति के मल-मूत से सीधे सम्पर्क से फैलता है । यह बिमारी अपनी चरम सीमा पर होने पर छूत की बिमारी हो जाती है और शायद इससे भी बढ़कर क्योंकि कई हफ्तों बाद भी विशाणु मल के फैलने का पता लग सकता है ।

बढ़ौतरी का समय :

बढ़ौतरी का समय 3 से 7 दिन का है ।

प्रबन्ध :

इस समय EV71 संक्रामन का कोई विशेष इलाज उपलब्ध नहीं है । कुछ लक्षणों के अधार पर किया इलाज बुखार और सोजिश के कारण दर्द से राहत दे सकता है । ज्यादातर मामलों में बिमारी अपने आप में सीमित होती है । लक्षणों में बुखार, खारिश और छाले एक हफ्ते के भीतर एकदम कम होते है । माता-पिता को अपने बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और यदि अपने बच्चों में HFMD के बढ़ने पर निमनलिखित लक्षण हो तो डाक्टरी सलाह लेनी चाहिए :

- लगातार और तेज बुखार
- लगातार नींद आना या सिर चकराना
- लगातार उल्टियां
- मासपेशियों में झटके या अचानक अंगों में कमजोरी

संक्रामण से प्रभावित बच्चों को स्कूल जाने से या सामूहिक गतिविधियों जैसे पार्टियों, शौंक पूरा करने वाली कक्षाओं और तैराकी से, बुखार कम होने के दो हफ्ते बाद तक परहेज करना चाहिए और तब तक परहेज करना चाहिए जब तक सभी छाले सूख न जाएं और बिमारी को फैलने से रोकने के योग्य न हो जाएं । पूरी तरह निजी साफ-सफाई और वातावर्ण की साफ-सफाई के द्वारा परिवार के दूसरे सदस्यों, विशेष तौर पर बच्चों की संक्रामण से सुरक्षा करें । बचाव के लिए निमनलिखित सलाहों को देखें ।

बचाव :

इस समय कोई टीका उपलब्ध नहीं है । EV71 संक्रामण से बचने के लिए सब से महत्वपूर्ण उपाय है, अच्छी तरह निजी साफ-सफाई और वातावर्ण की साफ-सफाई । हाँगकाँग रहते समय या यात्रा के दौरान जनता के सदस्यों को सलाह दी जाती है :

- खाना खाने से पहले, शौचाल्य जाने के बाद उल्टी साफ करने के बाद और डायपर बदलने के बाद अच्छी तरह से हाथ धोएं ;
- खांसने या शीकने के दौराण अपना नाक और मुँह ढकें और नाक और मुँह से बहने वाले तरल को अच्छी तरह से साफ करें और निपटाएं ;
- अपनी निजी वस्तुओं जैसे कि तौलीया और खाने के बर्तन को कभी भी किसी के साथ न बांटें ;
- हवा का अच्छा आदान प्रदान बनाएं रखें ;
- छुई हुई जगह, फरनीचर और शौचाल्यें को 1 : 99 के अनुपात में बलीच के हल्के किये घोल से अच्छी तरह से साफ और संक्रामण रहित करें (5.25 प्रतिशत घरेलू बलीच के एक हिस्से को पानी के ९९ हिस्सों के साथ मिलाकर) ;
- खिलौनौं/ या शरीर से निकले हुए किसी भी तरल के रिसाव से प्रभावित स्थानों को 1 : 49 के अनुपात में बलीच के हल्के किये घोल से अच्छी तरह से साफ और संक्रामण रहित करें HFMD के मरीजों के साथ नजदीकी संम्पर्क से बचें ।

जून 2010

(Hindi)